माइक्रोसॉफ्ट बनी एक लाख करोड़ डॉलर की कंपनी

न्यूयॉर्क, एएफपी : माइक्रोसॉफ्ट एक लाख करोड़ डॉलर (करीब 70 लाख करोड़ रुपये) की कंपनी बन गई। कंपनी ने गुरुवार को पहली बार इस आंकड़े को पार किया। इस स्तर पर पहुंचने वाली वह तीसरी टेक्नोलॉजी कंपनी है। कंपनी के धांसू तिमाही नतीजे जारी होने के बाद शेयर बाजार में कंपनी के शेयर करीब पांच फीसद उछलकर 130.59 डॉलर पर पहुंच गए। इस वैल्यू पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) एक लाख करोड़ डॉलर से ऊपर पहुंच गया।

बीएस-6 मानक लागू होने के बाद अगर हमें लगता है कि डीजल कारों की मांग है, तो हम बहुत कम समय में दोबारा ऐसी कारें लांच कर सकते हैं।

— आरसी भार्गव
चेयरमैन, मारुति सुजुकी



सेंसेक्स	38,730.86	▼ 323.82
निफ्टी	11,641.80	▼ 84.35
सोना प्रति दस ग्राम	₹ 32,870	▲ ₹150
चांदी प्रति किलोग्राम	₹ 38,520	▲ ₹295
$ डॉलर	₹ 70.25	▲ ₹ 0.39
क्रूड (ब्रेंट) प्रति बैरल	$ 74.95	

कारपोरेट हलचल

स्कोप ने मिलाए एसपी जैन संस्थान से हाथ

पब्लिक सेक्टर कंपनियों की शीर्ष संस्था स्कोप यानी स्टैंडिंग कान्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज ने एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च के साथ मिलकर दिनों का एक प्रबंधन कार्यक्रम आयोजित किया है। 22 अप्रैल से 27 अप्रैल तक आयोजित इस एडवांस मैनेजमेंट प्रोग्राम का थीम है 'द पॉवर ऑफ थिंकिंग बिग-प्रोग्राम फॉर हाई पॉलिटिकल लीडर्स।' मुंबई में इस कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. यूडी चौबे ने किया।

एनएमडीसी की सस्टेनेबिलिटी रिपोर्ट

एनएमडीसी ने सस्टेनेबिलिटी पर अपनी दूसरी रिपोर्ट जारी की है। 'एक्सपैंडिंग होराइजंस-फ्रॉम ओर टू स्टील' शीर्षक वाली इस रिपोर्ट को कंपनी के सीएमडी एन बैजेंद्र कुमार ने जारी किया। इस अवसर पर एनएमडीसी के विभिन्न निदेशक और कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

सीईएल को ग्रीन सर्टिफिकेशन

सेंट्रल इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (सीईएल) को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आइजीबीसी) का ग्रीन एग्जेंसटिंग बिल्डिंग, ऑपरेशनल एंड मेनटेनेंस रेटिंग सिस्टम के तहत प्लेटिनम सर्टिफिकेट प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणपत्र उन बिल्डिंगों को दिया जाता है, जो ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, अपशिष्ट प्रबंधन और समग्र संसाधनों के संरक्षण सहित उत्कृष्ट श्रेणी के ग्रीन मानकों पर खरे उतरे हैं। कंपनी के सीएमडी डॉ. नलिन सिंघल का कहना है कि सीईएल ने परिसर में ही उच्च स्तरीय ऊर्जा दक्षता प्राप्त करने के लिए अनेक प्रयास किये हैं।

आइओसी उत्तरी क्षेत्र में सुरक्षा सप्ताह

आग रोकथाम, अग्नि सुरक्षा और सुरक्षा के प्रति कर्मचारियों की प्रतिबद्धता को मजबूत करने और जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस मनाने के साथ सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ किया। सप्ताह की शुरुआत इंडियन ऑयल उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय के सभी कर्मचारियों द्वारा सुरक्षा मानदंडों का पालन करने और 'सुरक्षा' को सदैव सर्वोपरि बनाये रखने की शपथ के साथ हुई।

ऑटिज्म पर कार्यशाला

ऑटिज्म के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से नेशनल नॉलेज रिसोर्स एंड ट्रेनिंग सेंटर के तत्वावधान में एम्स के सेंटर ऑफ एक्सिलेंस एंड एडवांस्ड रिसर्च ऑन चाइल्डहुड न्यूरोडवलपमेंटल डिस्ऑर्डर ने एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का संयोजन डॉ. शेफाली गुलाटी ने किया जो एम्स में इस विभाग की प्रमुख हैं। इस सेंटर को एम्स और इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आइआइएफसीएल) संयुक्त रूप से वित्तीय मदद प्रदान करते हैं।

बीईएल सीएमडी को इंजीनियरिंग अवार्ड

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) के चेयरमैन व प्रबंध निदेशक गौतमा एमवी को इंजीनियरिंग काउंसिल ऑफ इंडिया का डिश्टिंग्युइश्ड इंजीनियर अवार्ड मिला है। गौतमा ने यह पुरस्कार दिल्ली के उपराज्यपाल अनिल बैजल के हाथों ग्रहण किया।

बीईएल को जमनालाल बजाज पुरस्कार

रक्षा क्षेत्र की नवरत्न कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) को बिजनेस प्रैक्टिसेज के लिए प्रतिष्ठित जमनालाल बजाज पुरस्कार प्राप्त हुआ है। मुंबई क्षेत्रीय कार्यालय में सह महाप्रबंधक कोमोडोर (रिटायर्ड) संजीव भिंडे ने कोटक समूह के प्रमुख उदय कोटक के हाथों यह पुरस्कार ग्रहण किया।

जॉन बने एनएलसीआइएल में निदेशक

एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआइएल) में मुख्य महाप्रबंधक शाजी जॉन ने कंपनी में निदेशक (पावर) का पदभार ग्रहण कर लिया है। मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक और थर्मल इंजीनियरिंग में एमटेक जॉन ने महाप्रबंधक के तौर पर एनएलसी में नौकरी शुरू की थी। इससे पहले वह एनटीपीसी में भी काम कर चुके हैं।

सोना 150 रुपये चढ़ा, चांदी भी 295 रुपये मजबूत

नई दिल्ली, प्रेट्र : ज्वेलरों के बीच मांग बढ़ने से राष्ट्रीय राजधानी में गुरुवार को सोने का भाव 150 रुपये चढ़कर 32,870 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। ऑल इंडिया सराफा एसोसिएशन के मुताबिक औद्योगिक इकाइयों और सिक्का निर्माताओं की ओर से खरीदारी बढ़ाए जाने से चांदी भी 295 रुपये की मजबूती के साथ 38,520 रुपये प्रति किलोग्राम की हो गई।

सराफा कारोबारियों ने कहा कि स्थानीय ज्वेलरों की ओर से खरीदारी बढ़ाए जाने के अलावा रुपये में कमजोरी के रुझान के कारण भी सोने में मजबूती आई। कच्चे तेल की कीमत बढ़ने के कारण मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में रुपया 22 पैसे की गिरावट दिखाते हुए डॉलर के मुकाबले 70.08 के स्तर तक आ गया था।

तर्क ▸ प्रभु को लिखे पत्र में जेट-एतिहाद एफडीआइ के विरुद्ध केस का दिया हवाला

एयर इंडिया में करें जेट का विलय : स्वामी

कहा – जेट के स्लॉट निजी कंपनियों को देने के बजाय एयर इंडिया की सोचें

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

एक तरफ बैंकों का समूह जेट एयरवेज के लिए नए निवेशक और एयरलाइन प्रबंधन यात्रियों को रिफंड देने के उपाय तलाशने में जुटा है। दूसरी तरफ जेट मामले को कानूनी और राजनीतिक रंग देने के प्रयास भी शुरू हो गए हैं। भाजपा नेता व सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने विमानन मंत्री सुरेश प्रभु को पत्र लिखकर जेट के स्लॉट दूसरी एयरलाइनं को दिए जाने का विरोध करते हुए एयर इंडिया में उसके विलय का सुझाव दिया है।

प्रभु को लिखे पत्र में स्वामी ने कहा है, 'नागरिक विमानन मंत्रालय को जेट के एयर इंडिया में विलय की जोरदार सिफारिश करनी चाहिए। इससे न केवल हवाई सेवाओं में व्यवधान रुकना सुनिश्चित होगा, बल्कि एयर इंडिया फिर से पहले जैसी अहम स्थिति में आ जाएगी। इसे छोड़कर कुछ भी और होने से उच्च स्तर पर भ्रष्टाचार की अटकलें पैदा होंगी।'

पत्र में स्वामी ने आरोप लगाया है कि जेट के स्लॉट दूसरी कंपनियों को देने से स्पाइसजेट और विस्तारा जैसी निजी विमानन कंपनियों को फायदा पहुंच रहा है। उन्होंने प्रभु को कहा कि आपके कुछ सहयोगी और अधिकारी इसमें मदद कर रहे हैं। व्यक्तिगत मुलाकात में उनके नाम मैं आपको बता सकता हूं। स्वामी ने लिखा, 'मैंने जेट-एतिहाद प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का इसीलिए विरोध किया था क्योंकि उसमें घरेलू यात्रियों तथा राष्ट्रीय हितों के विरुद्ध जाकर एतिहाद को जरूरत से ज्यादा एयरस्पेस दे दिया गया था।

गौरतलब है कि सरकार ने 2012 में घोषणा की थी कि विदेशी विमानन कंपनियां भारतीय एयरलाइन में 49 फीसद तक हिस्सेदारी खरीद सकती हैं। इसी के बाद एतिहाद ने 2013 में जेट के साथ रणनीतिक साझेदारी की थी। इस पर स्वामी ने उसी वर्ष सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर इस साझेदारी का विरोध किया था। उस याचिका की याद दिलाते हुए स्वामी ने लिखा है, 'मेरी याचिका सुनवाई के अंतिम चरण में है। इस बीच जेट एयरवेज की उड़ाने बंद हो गई हैं। इससे मेरा पक्ष और भी मजबूत हो गया है। जेट में इत्तिहाद के एफडीआइ तथा भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच हवाई सेवाओं संबंधी द्विपक्षीय समझौते से सरकारी कंपनी एयर इंडिया को नुकसान हुआ है।'

रिफंड की तैयारी में जुटी जेट : इस बीच, जेट एयरवेज ने यात्रियों को रिफंड देने के लिए समयबद्ध प्रक्रिया अपनाए जाने का रोडमैप तैयार कर लिया है। रिफंड को लेकर यात्रियों की ओर से दिल्ली हाईकोर्ट में दायर याचिका पर पहली मई को सुनवाई होनी है। कंपनी उससे पहले ही यात्रियों को उनका पैसा लौटाने के लिए ठोस कदम उठाने की प्रक्रिया में है।

रोडमैप के मुताबिक यात्रियों को 20 मई तक रिफंड के अपने दावे सीधे अथवा ट्रैवल एजेंट के माध्यम से पेश करने को कहा गया है। इसके लिए एक वेब इंटरफेस पहले ही प्रदान किया जा चुका है। जिन यात्रियों ने क्रेडिट कार्ड के माध्यम से टिकट खरीदे हैं, जेट की ओर से उनकी पुष्टि प्रत्येक सोमवार को की जाएगी। जेट एयरवेज के अनुसार 'अंतरराष्ट्रीय उड़ानों से संबंधित रिफंड के दावों का निपटारा इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आयटा) के पास जेट एयरवेज की जमा राशि से किया जाएगा। राशि कम पड़ने पर आयटा जेट से भरपाई की मांग कर सकता है।' हालांकि आयटा ने पिछले हफ्ते कहा था कि वह जेट को अपनी मेंबरशिप से बाहर कर रहा है।

दूसरी ओर ट्रैवल एजेंटों का कहना है कि 18 अप्रैल से पहले आए रिफंड के आवेदन निपटा दिए गए हैं। उसके बाद आने वाले आवेदनों के बारे में आयटा ने कहा है कि इन आवेदनों को निपटाने में कुछ वक्त लगेगा।

स्टार्ट-अप्स को कई सहूलियतें देने की तैयारी

नई दिल्ली, प्रेट्र : वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने 'स्टार्ट-अप इंडिया विजन 2024' के तहत उभरते उद्यमों को कई सहूलियतें देने का प्रस्ताव रखा है। इनमें उद्यमी बनने की चाह रखने वालों के लिए टैक्स में छूट जैसे प्रोत्साहन शामिल हैं।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआइआइटी) द्वारा तैयार इस विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2024 तक 50,000 नई स्टार्ट-अप कंपनियों की स्थापना के लिए समुचित सहयोग देने का प्रस्ताव है। इसके साथ ही मंत्रालय ने उद्यमिता को बढ़ावा देकर उस वर्ष तक प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार के 20 लाख अवसर सृजित करने का भी लक्ष्य रखा है।

डीपीआइआइटी ने इस विजन डॉक्यूमेंट में वर्ष 2024 तक 500 इनक्यूबेटर्स (जहां कंपनियों के पलने-बढ़ने के लिए उचित देखभाल हो सके) और एक्सीलरेटर्स (जहां उसके विकास को गति दी जा सके) की स्थापना की सलाह भी दी है। इसके अलावा शहरी स्थानीय निकायों (नगरपालिका व नगर निगम) में 100 इनोवेशन जोन बनाने, फंड ऑफ फंड्स की पूरी 10,000 करोड़ रुपये की रकम का आवंटन करने और इनक्यूबेटर्स में सीएसआर की फंडिंग बढ़ाने की सलाह भी दी गई है।

अधिकारी का कहना था कि डीपीआइआइटी देश में स्टार्ट-अप तंत्र को मजबूती देना चाहता है और ये कदम इसमें सहायक साबित होंगे। गौरतलब है कि पिछले कुछ समय से स्टार्ट-अप कंपनियां एंजल टैक्स से छूट के लिए जूझ रही हैं।

व्यापारियों को रद जीएसटी रजिस्ट्रेशन की फिर से बहाली का मिला मौका

▸ सीबीआइसी ने 22 जुलाई तक आवेदन करने की दी मोहलत

▸ पेंडिंग रिटर्न दाखिल करने और देय टैक्स का भुगतान करने की रखी शर्त

नई दिल्ली, प्रेट्र : राजस्व विभाग ने कंपनियों को रद हो चुके जीएसटी रजिस्ट्रेशन को फिर से बहाल कराने का एक अवसर दिया है। टैक्स रिटर्न फाइल नहीं किए जाने के कारण जिन कंपनियों का रजिस्ट्रेशन रद हो चुका है, वे अब 22 जुलाई तक इसको फिर से बहाल कराने के लिए आवेदन कर सकेंगी। शर्त यह रखी गई है कि उन कंपनियों को पेंडिंग रिटर्न दाखिल करना होगा और देय टैक्स का भुगतान करना होगा।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआइसी) ने अपने अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा कि रद जीएसटी रजिस्ट्रेशन को 22 जुलाई 2019 तक फिर से बहाल कराने का एक ही मौका दिया जा रहा है। यह मौका उन कंपनियों के लिए है, जिनके लिए 31 मार्च 2019 तक रजिस्ट्रेशन रद करने का आदेश जारी हो चुका है।

जिन मामलों में आदेश के साथ ही रजिस्ट्रेशन रद हो चुका है, उनमें रजिस्ट्रेशन रद होने तक सभी बकाए रिटर्न को दाखिल करने के बाद ही रजिस्ट्रेशन को फिर से बहाल करने का आवेदन दाखिल किया जा सकेगा। जिन मामलों में पिछली तिथि के प्रभाव (रेट्रोस्पेक्टिव इफेक्ट) से रजिस्ट्रेशन रद किया गया है, उनमें पुनर्बहाली का आवेदन करने के लिए शर्त रखी गई है। शर्त यह है कि पुनर्बहाली का आदेश जारी होने के बाद अगले 30 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन रद होने की प्रभावी तिथि से पुनर्बहाली का आदेश जारी होने की तिथि तक की अवधि के सभी बकाए रिटर्न दाखिल करने होंगे। गौरतलब है कि रिटर्न दाखिल नहीं किए जाने और नियमों के कई अन्य उल्लंघन को देखते हुए सीबीआइसी अधिकारियों ने हाल में बड़े पैमाने पर कंपनियों के जीएसटी रजिस्ट्रेशन रद कर दिए थे। जीएसटी प्रणाली एक जुलाई 2017 को लागू हुई थी और इसमें करीब 1.2 करोड़ कारोबारी इकाई रजिस्टर्ड हैं।

बैंकों की सेवा से नाखुश ग्राहकों की संख्या में लगातार इजाफा

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली

▸ ओम्बुड्समैन का दरवाजा खटखटाने वाले ग्राहकों की संख्या में बड़ा इजाफा

▸ वर्ष 2017-18 में ओम्बुड्समैन को मिलीं 1,63,590 शिकायतें

फंसे कर्ज की समस्या से जूझ रहे बैंकों के लिए ग्राहक सेवा प्राथमिकता में नहीं है। इसका संकेत इस तथ्य से लगता है कि हर साल बड़ी संख्या में ग्राहक बैंकों के खिलाफ शिकायतें दर्ज कर रहे हैं। हाल यह है कि बैंकों के खिलाफ ग्राहकों की शिकायतों में वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान 25 फीसद की वृद्धि हुई है।

यह जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) की 'बैंकिंग ओम्बुड्समैन स्कीम' की सालाना रिपोर्ट में दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार देशभर में वर्ष 2017-18 (जुलाई-जून) के दौरान कुल 1,63,590 शिकायतें प्राप्त हुईं जो वर्ष 2016-17 की तुलना में 24.9 फीसद अधिक है। बैंकिंग ओम्बुड्समैन के पास वर्ष 2016-17 में 1,30,987 और 2015-16 में 1,02,894 शिकायतें आईं थीं। रिपोर्ट में बताया गया है कि बीते तीन साल में शिकायतों में औसतन 25 फीसद की वृद्धि हो रही है। सबसे ज्यादा 22 फीसद शिकायतें ग्राहक सेवा से संबंधित नियमों (नॉन ऑब्जरवेंस ऑफ फेयर प्रैक्टिस कोड) के उल्लंघन की थीं। इसके बाद 15.1 फीसद एटीएम व डेबिट कार्ड से संबंधित तथा 7.7 फीसद शिकायतें क्रेडिट कार्ड के बारे में थीं। वहीं 5.2 फीसद शिकायतें मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक बैंकिंग से संबंधित थीं।

गौरतलब है कि मोबाइल और इंटरनेट बैंकिंग से संबंधित शिकायतों को पिछले साल से ही बैंकिंग ओम्बुड्समैन ने स्वीकार करना शुरू किया था। जहां तक क्षेत्रवार शिकायतों का सवाल है, तो सर्वाधिक शिकायतें बैंकिंग ओम्बुड्समैन के दिल्ली ऑफिस के पास आई हैं।

उल्लेखनीय है कि अगर कोई ग्राहक बैंक की सेवा से संतुष्ट नहीं है और बैंक उसकी शिकायतें सुनने में दिलचस्पी नहीं दिखाता, तो ग्राहक बैंकिंग ओम्बुड्समैन के पास शिकायत कर सकता है। अमूमन हर बैंक की वेबसाइट पर ओम्बुड्समैन का लिंक रहता है। बैंकिंग ओम्बुड्समैन ग्राहकों को 20 लाख रुपये तक मुआवजा प्रदान करने का आदेश जारी कर सकता है। साथ ही एक लाख रुपये तक का हर्जाना भी दे सकता है। इस साल से रिजर्व बैंक डिजिटल पेमेंट्स को भी बैंकिंग ओम्बुड्समैन के दायरे में लाने जा रही है। ऐसा होने पर ग्राहक डिजिटल लेन-देन से संबंधित शिकायतें भी बैंकिंग ओम्बुड्समैन के पास भेज सकेंगे।

मारुति का लाभ चार फीसद से ज्यादा गिरा

नई दिल्ली, प्रेट्र : वर्ष 2018-19 की अंतिम तिमाही में कंपनी को 1,795.6 करोड़ रुपये की शुद्ध लाभ हुआ है, जो उससे पिछले वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही के मुकाबले 4.6 फीसद कम है। पूरे वित्त वर्ष के दौरान कंपनी को 7,500.6 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है, जो वर्ष 2017-18 के मुकाबले 2.9 फीसद कम है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष के दौरान 4,500 करोड़ रुपये निवेश करने का एलान किया है। इसका एक बड़ा हिस्सा मौजूदा 16 मॉडलों को बीएस-6 मानकों के अनुकूल बनाकर उतारने में किया जाएगा।

बलेनो की कीमत 15,000 रुपये तक बढ़ी : मारुति सुजुकी ने बलेनो डीजल रेंज और आरएस पेट्रोल वैरिएंट की कीमत 15,000 रुपये (एक्स-शोरूम) तक बढ़ा दी। कीमत में यह वृद्धि तत्काल प्रभाव से की गई है। कंपनी ने कहा कि बलेनो आरएस अब 8.88 लाख रुपये में उपलब्ध होगी। इसकी कीमत पहले 8.76 लाख रुपये थी। बलेनो डीजल रेंज अब 6.73-8.73 लाख रुपये में उपलब्ध होगा।

ब्रेक्जिट जैसे माहौल में भी ब्रिटेन में बढ़े भारतीय निवेशक

▸ ब्रिटेन में भारतीय कंपनियों की संख्या 842 पर पहुंच गई, जो एक साल पहले 800 थी

▸ भारतीय कंपनियों का कॉरपोरेशन टैक्स 68.4 करोड़ पाउंड पर पहुंच गया

लंदन, प्रेट्र : भारतीय कंपनियों के लिए ब्रिटेन निवेश के लिहाज से पहले की तरह पसंदीदा डेस्टिनेशन बना हुआ है। ब्रेक्जिट से जुड़ी अनिश्चितता के बावजूद ब्रिटेन में निवेश करने वाली भारतीय कंपनियों की संख्या बढ़ी है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआइआइ) और ग्रांट थॉर्न्टन यूके एलएलपी द्वारा जारी सालाना 'इंडिया मीट्स ब्रिटेन ट्रैकर' के मुताबिक ब्रिटेन में कारोबार कर रही भारतीय कंपनियों की संख्या 2019 में बढ़कर 842 पर पहुंच गई, जो एक साल पहले 800 थी। 842 भारतीय कंपनियों का कुल कारोबार 48 अरब पाउंड (करीब 4,348 अरब रुपये) है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय कंपनियों द्वारा भुगतान किया जाने वाला कॉरपोरेशन टैक्स दोगुना से अधिक बढ़कर 68.4 करोड़ पाउंड हो गया, जो पिछले साल 36 करोड़ पाउंड था। रिपोर्ट जारी किए जाने के मौके पर ब्रिटेन के निवेश मंत्री ग्राहम स्टुअर्ट ने कहा कि ये आंकड़े चौंकाने वाले हैं। ये भारतीय कारोबारी समुदाय की ताकत और उद्यमिता के गवाह हैं। कुछ भारतीय कंपनियों का सालाना विकास तो 100 फीसद से भी अधिक है।

मंत्री ने यह भी कहा कि अगले साल से जब ब्रिटेन का कॉरपोरेशन टैक्स वर्तमान 19 फीसद से घटकर 17 फीसद रह जाएगा, तो ब्रिटेन में निवेशक भारतीय कंपनियों की संख्या में और बढ़ोतरी हो सकती है। हम भारतीय निवेशक का हमेशा स्वागत करेंगे। रिपोर्ट के मुताबिक ब्रिटेन में 24 फीसद भारतीय कंपनियों के बोर्ड में कम से कम एक महिला सदस्य है। पिछले साल ऐसी कंपनियों का अनुपात 19 फीसद था। भारतीय कंपनियों में ब्रिटेन के करीब 1,04,783 लोगों को नौकरी मिले होने का अनुमान है।

ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त रुचि घनश्याम ने कहा कि हम सभी इस बात को लेकर चिंतित थे कि ब्रेक्जिट का भारतीय कंपनियों की ओर से होने वाले निवेश पर क्या असर पड़ेगा। इसका जवाब हमारे सामने है। भारतीय कारोबारियों ने ब्रिटेन के प्रति अपने सकारात्मक रुख को बरकरार रखा है।

ताजा रिपोर्ट में शामिल तीन कंपनियों का सालाना विकास 100 फीसद से अधिक रहा है। इनमें टीएमटी मेटल होल्डिंग्स की विकास दर 649 फीसद, रूट मोबाइल (यूके) की 189 फीसद और बीबी (यूके) की 129 फीसद रही है।

कच्चे तेल में उछाल से शेयर बाजार लुढ़के

▸ बीएसई का सेंसेक्स 323.82 अंक गिरकर 38,730.86 पर बंद

▸ एनएसई का 50 शेयरों वाला निफ्टी 84.35 अंक टूटकर 11,641.80 पर हुआ स्थिर

▸ महंगे तेल का चालू खाता घाटा और रुपये पर नकारात्मक असर होता है



मुंबई, प्रेट्र : डेरिवेटिव सौदों की एक्सपायरी के बीच कच्चे तेल में उछाल और इसके कारण रुपये के लड़खड़ाने से गुरुवार को देश के शेयर बाजारों में गिरावट दर्ज की गई। कारोबारियों ने कहा कि वाहन, धातु, एनर्जी और फाइनेंशियल शेयरों में भारी बिक्री हुई। ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल के 75 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर चले जाने के कारण निवेशकों में आर्थिक विकास और स्थिरता को लेकर चिंता बढ़ गई। मुद्रा बाजार में सुबह के कारोबार में रुपया डॉलर के मुकाबले लुढ़ककर 70.23 के स्तर तक आ गया।

बीएसई का सेंसेक्स 323.82 अंकों की गिरावट के साथ 38,730.86 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 84.35 अंकों की गिरावट के साथ 11,641.80 पर बंद हुआ। सेंसेक्स में टाटा स्टील में सर्वाधिक 2.74 फीसद गिरावट रही। वेदांता 2.26 फीसद लुढ़का। मारुति, एसबीआइ, टाटा मोटर्स और सन फार्मा में भी एक फीसद से अधिक गिरावट रही। दूसरी ओर सेंसेक्स के सिर्फ तीन शेयरों में तेजी रही। भारती एयरटेल सर्वाधिक 1.06 फीसद उछला। सेक्टरों के लिहाज से बीएसई के टेलीकॉम सेक्टर में सर्वाधिक 2.26 फीसद गिरावट रही। सिर्फ तीन सेक्टरों में तेजी रही, जिनमें बेसिक मैटेरियल सर्वाधिक 0.34 फीसद उछला।

शेयरखान के एडवायजरी प्रमुख हेमांग जानी ने कहा कि महंगे तेल का देश के चालू खाता घाटा, रुपये और महंगाई पर नकारात्मक असर पड़ता है और यह घरेलू बाजार के लिए शुभ संकेत नहीं है।

बाजार के अस्थायी आंकड़े के मुताबिक बुधवार को विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआइ) ने 974.88 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध खरीदारी की, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआइआइ) ने 657.06 करोड़ रुपये के शेयरों की शुद्ध बिक्री की थी।

पीई-वीसी निवेश मार्च में 7 अरब डॉलर के पार : देश में वेंचर कैपिटल (वीसी) व प्राइवेट इक्विटी (पीई) निवेश मार्च में सात अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले दोगुना से अधिक है। कंसल्टेंसी फर्म ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक वीसी-पीई फंड्स ने गत महीने 46.5 करोड़ डॉलर की पूंजी बाहर निकाल ली, जो एक साल पहले की समान अवधि के मुकाबले 34 फीसद कम है। पीई-वीसी निवेश के लिए मार्च अब तक का सबसे अच्छा महीना रहा। कुल 11.4 अरब डॉलर के निवेश के साथ जनवरी-मार्च 2019 तिमाही भी पीई-वीसी निवेश के लिए अब तक की सबसे अच्छी तिमाही रही।

शनिवार को होगी रीयलमी 3प्रो की शुरुआती बिक्री, 13399 रुपये कीमत

नयी दिल्ली (वि) : स्मार्टफोन बाजार में तेजी से अपनी जगह बना रही रीयलमी के 3प्रो मॉडल की ऑनलाइन बिक्री शुरू होने से पहले कंपनी शनिवार को इसकी बिक्री के लिए पॉप-अप स्टोर लगा रही है। राजधानी के सुभाष नगर स्थित पैसिफिक मॉल में यह स्टोर लगाया जा रहा है। वैसे कंपनी अपने इस फोन की ऑनलाइन बिक्री अगले सप्ताह सोमवार से शुरू कर रही है। स्नैपड्रैगन 710 प्रोसेसर वाले इस फोन में 4045 एमएएच की बैटरी है और यह चार जीबी रैम व 64 जीबी मेमोरी और छह जीबी रैम व 128 जीबी मेमोरी वाले दो वैरिएंट में उपलब्ध होगा। पहले वेरिएंट की कीमत 13,999 रुपये और दूसरे की 16,999 रखी गई है।

मौसम विशेष



राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ धूलभरी आंधी व हल्की वर्षा संभव है। मध्यम गति की हवाओं के साथ दिल्ली का मौसम शुष्क व काफी गर्म बना रहेगा। उत्तर-पश्चिमी मैदानी भागों में कुछ स्थानों पर लू संभव है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा संभव है।

भारत के मुख्य शहरों का तापमान:

शहर		शहर	
मुम्बई	39/26/व	अहमदाबाद	45/25/आंबा
कोलकाता	39/28/सा	बड़ौदा	44/25/आंबा
चेन्नई	34/27/आंबा	नागपुर	45/28/व
हैदराबाद	42/26/आंबा	इन्दौर	44/27/सा
बंगलूरू	36/24/सा	रांची	43/26/सा
त्रिवेन्द्रम	35/27/आंबा	पटना	44/28/सा
गुवाहाटी	31/23/सा	जमशेदपुर	40/27/व
गंगटोक	18/05/सा	पुणे	28/24/आंबा